

**सूरत।** सचिन सूडा सेक्टर 1-2 में मकान टैक्स को लेकर एक बहुत बड़ी साजिश का पर्दाफाश हुआ है। सचिन नगरपालिका विस्तार में वर्षों पहले खाली प्लाट पर बड़े बड़े मकान, कॉमप्लेक्ष बनाकर लोगों को भाड़े पर देकर या बेच कर प्लॉट होल्डर एक बड़ा मुनाफा कमा रहे है। लेकिन उसका टैक्स नहीं भरने के कारण नगर पालिका को टैक्स के रुप में मिलने वाले पैसो का नुकसान होता है इन बड़े-बड़े मकान बनाने के लिए सुधा परमिशन देती है लेकिन इनकी जांच पड़ताल सही ढंग से न होने के कारण सरकार के खाते को बड़ी चपत लगती है। इसके लिए जवाबदार कौन? ऐसे बडी-बड़ी इमारतों को बनाने वाले के टैक्स न भरने के कारण नगर पालिका अपने कर्मचारियों को वेतन देने में असमर्थ हो जाती है, और आम लोगों के घरों का टैक्स बढ़ा देती है जिससे महंगाई से परेशान जनता पर एक और बोझ बढ जाता है।

'आज 24 मार्च अर्थात विश्व क्षय दिवस'

# जिला क्षय सोसायटी ने मनाया विश्व क्षय दिवस



## कलेक्टर महेन्द्र पटेल ने जिला में 2025 तक टी. बी. मुक्त करने के लिए सभी को दिलाया संकल्प

**सूरत।** 24 मार्च अर्थात विश्व क्षय दिवस - 2018। सूरत जिला में टी.बी. रोग को नेस्तानाबूत करने के लिए उत्कृष्ट कार्यवाही करने वाले डॉक्टरों और कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिए तथा जन-जागृति के आशय से सरकारी मेडिकल कॉलेज के पीएसएम हॉल में जिला क्षय सोसायटी, सूरत द्वारा भव्य आयोजन कर क्षय दिवस मनाया गया।

इस प्रसंग के दौरान कलेक्टर महेन्द्र पटेल ने कहा कि टी. बी. के रोगियों को समाज में से ढूंढकर उपचार देकर इस रोग से मुक्तकरने के लिए सभी लोग आगे आएं। कलेक्टर ने 2025 तक जिला को टी.बी. मुक्तकरने के लिए सभी को संकल्प दिलाया। इस प्रसंग दौरान जिला विकास अधिकारी के. राजेश, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. ब्रह्मभट्ट, मुख्य जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हंसमुख चौधरी सहीत अन्य गणमान्य नोडल अधिकारी, सिविल अस्पताल के डॉक्टर और नर्सिंग स्टॉफ उपस्थित था।



## स्वीमेर मेडिकल कॉलेज में विश्व क्षय दिवस पर निकाली रैली

**सूरत।** विश्व क्षय दिवस के उपलक्ष्य में लोगों में टी.बी. और डॉट्स उपचार पद्धति के विषय में जागृति और जानकारी फैलाने के लिए सूरत मनपा के आर एन टी सी पी विभाग के प्रमुख डॉक्टर के एन शेलडिया के नेतृत्व में शुक्रवार को स्वीमेर मेडिकल कॉलेज में एक रैली का आयोजन किया गया। उक्त रैली को प्रस्थान करवाने के लिए सूरत मनपा मेयर अस्मिता शिरोया ने हरी झण्डी दिखाई। उक्त रैली में स्वास्थ्य समिति के चेयरमैन अनिल बिस्किटवाला, डिप्टी कमिनश्नर हेल्थ एवं हास्पिटल, डॉ. हेमेन्त देसाई स्वीमेर मेडिकल कॉलेज डीन, डॉक्टर कल्पनाबेन देसाई आदि सहीत डॉक्टरों के साथ अन्य पदाधिकारी, अधिकारी, कॉरपोरेटर, मेडिकल कॉलेज स्टॉफ एवं अन्य जनसाधारण शामिल हुए।

## कतारगांव की विवाहिता ने लगाई फांसी

**सूरत।** कतारगांव के इंदिरा नगर में रहने वाली एक विवाहिता ने पंखा के साथ दुपट्टा बांधकर फांसी लगा आत्महत्या कर ली। कतारगांव पुलिस घटना के संदर्भ में जांच कर रही है। कतारगांव के इंदिरानगर घर नं. 42 में रहने वाले दिनेश सोनी की पत्नी जमनाबेन (29 वर्ष) ने गुरुवार को अपने घर में किसी कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को जानकारी देने पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और मामले की जांच आरम्भ कर दी है।

सलाबतपुरा से 700 किलो गोमांस बरामद

# गोरक्षकों ने पुलिस को साथ लेकर मारा था छापा

**सूरत।** सलाबतपुरा में चलने वाले अवैध गो मांस के व्यापार की की गोपनीय जानकारी के आधार पर स्थानीय गोरक्षकों ने पुलिस को साथ लेकर मारे गए छापे के दौरान एक डैंपो से 700 किलो गोमांस के सात एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पुलिस मामले को दर्ज करके आगे की जांच कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सूरत के गोरक्षक संजय रांदडिया ने गोपनीय जानकारी के आधार पर 7.15 बजे के करीब सलाबतपुरा पुलिस स्टेशन सीमा भाटेना में चलने वाली गोहत्या को लेकर छापा की कार्रवाई की थी। दौरान एक टैंपो से 700 किलो गोमांस के साथ आरोपी हारुन लंबू को गिरफ्तार करके सलाबतपुरा पुलिस स्टेशन ले जाया गया। जहां पर आरोपी ने बरामद मांस और गाय काटने के अपराध को कबूल किया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करके कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# तीसरी मंजिल से गिरे कारीगर की इलाज के दौरान मौत

**सूरत।** शहर के चौक बाजार क्षेत्र वेड रोड में सांचा कारखाना में बीम उठाते समय अचानक तीसरी मंजिल से गिरने पर गंभीर रूप से घायल कारीगर की इलाज के दौरान अस्पातल में मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वेड रोड आनंदपार्क सोसाइटी घर नं. 197 में रहने वाले शिवाजी भालाभाई सोनवणे (40 वर्ष) अहमदावादी बेकरी के पास आने वाले सांचा कारखाना में कारीगर के रूप में काम कर रहे थे। उसी दौरान शिवाजीभाई कारखाना की तीसरी मंजिल पर बीम उठा रहे थे। तभी वे अचानक नीचे गिर गए थे। उनको इलाज के लिए लोकात अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां पर इलाज के दौरान गत रोज उनकी मौत हो गई। चौक बाजार पुलिस घटना की रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच कर रही है।

## डिंडोली की प्रियंका सोसाइटी के युवक ने लगाई फांसी

**सूरत।** शहर के डिंडोली क्षेत्र बस स्टेण्ड के पास आने वाली प्रियंका सोसाइटी भाग-2 में रहने वाले युवक ने किन्हीं कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

घटना से संदर्भ में डिंडोली पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रियंका सोसाइटी भाग-2 प्लाट नं. 27 में रहने वाला बावेश संजयभाई कामले (22 वर्ष) ने गत रोज गुरुवार को किसी अज्ञात कारणों से रात्रि के समय अपने घर की रसोई में लगे पंखे के साथ फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होने पर डिंडोली पुलिस स्थल पर पहुंचकर लाश का कब्जा लेकर आगे की जांच कर रही है।

# अडाजण में चेन झपटमार पकड़ा

**सूरत।** अडाजण के वाप्स अस्पताल के पास गत 10 मार्च को एक महिला के गले से चेन झपटकर फरार होने वाले उचक्केको पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अडाजण के पालनपुर गांव नीलकंठ रेजिडेंसी में रहने वाले अभिषेक सोनाग्रा की माता 10 मार्च को पैदल जा रही थी। उसी समय मोटरसाइकिल पर सवार होकर आया उचक्क उनके गले से 45 हजार रुपए की सोने की चेन झपटकर फरार हो गया था। घटना के संदर्भ में अडाजण पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने जांच शुरू की थी। राजस्थान संवाददाता, सूरत। अडाजण के वाप्स अस्पताल के पास गत 10 मार्च को एक महिला के गले से चेन झपटकर फरार होने वाले उचक्केको पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की है। इसी दौरान अठवागेट गज्जरवाड़ी घर नं. 5 केयर अस्पताल के पीछे रहने वाले चेन झपटने वाले शिरिष कुमार उर्फ शीलू प्रेमजीभाई गंगाणी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की जांच शुरू की है।







# गरीबों के लिए कानून अमीरों के लिए खिलोना

**सूरत।** सडक किनारे बिल्डींग बना कर सड़क को ही पार्किंग बना लिया। कनकपुर कनसाड में सड़क के ऊपर वी बिल्डर ने कब्जा कर लिया है, आप तस्वीर में देख सकते है कि कोई बिल्डर ऐसा भी कर सकता है। लेकिन देखने वाली बात ये है कि आम आदमी जब कहीं गली कोने में भी अपना मकान बना रहा होता है तो भी कानून के रखवाले उसे कानून का पाढ पढाने आ जाते है, लेकिन इस बिल्डर को न तो कोई कानून का रखवाला कानून बताने आया और न ही किसी अधिकारी ने इतनी जहमत उठाई। लेकिन अगर इसकी जांच शहरी विकास विजिलेंस विभाग करें तो बड़े पैमाने पर की गई गड़बड़ीयों का पर्दाफाश होगा। हमारा इस खबर को दिखाने का उद्देश्य यहीं है कि बिल्डर द्वारा सड़क किनारे बनाए गए अवैध कबजे से किसी वाहन चालक के साथ दुर्घटना होने से पहले ही अधिकारी अपनी निंद से जागे और अपने इलाके में हुए अवैध बांधकाम से सड़क को यातायात के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक बनाए।



# गुजराती फिल्म गुजराती वेडिंग इन गोवा की टीम पहुंची सूरत

**सूरत।** गुजराती फिल्म गुजराती वेडिंग इन गोवा 30 मार्च को पूरे गुजरात में रिलीज होगी जिसके लिए फिल्म के स्टार कास्ट और डायरेक्टर सूरत में पधारे थे। सर्वप्रथम किसी फिल्म के गीत को वर्ल्ड रिकॉर्ड इण्डिया में स्थान मिला है। केम करीने मनावु गीत जिसे कीर्तिदन गढवी ने गाया है। कुल चार मिनिट पचास सेकेण्ड तक एक ही शॉट में बिना किसी कट के इस गीत को शूट किया गया है। ऐसा आज तक बॉलीवुड की फिल्मों में कभी नहीं हुआ।

इस फिल्म में आज की युवा पीढी युवक-युवतियों के बीच प्रेम, झगडा, गुस्सा, पागलपन जैसे जीवन के अनेक पहलुओं समाविष्ट किया गया है, जिसे पूरे परिवार के साथ देखा जा सकता है। सुसंस्कृत और आनन्द से भरपूर इस कॉमेडी फिल्म को देखने के लिए लोग आतुर हैं। इस फिल्म में मुख्य भूमिका में जय, शिवांग ब्रह्मभट्ट, चन्द्रेश, गीत, गरिमा, नेहल, जेनी, भाविनी और चिंतन नजर आएंगे।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ऑफसेट एफपी. 149, प्लोट 26 खोडियार नगर, सिद्धीविनायक मंदिर के पास, (भाटेना) हॉ.सो. अंजना सूरत, गुजरात से मुद्रित, एवं 191 महादेव नगर, हरि नगर-2 के पीछे, उधना, जिला-सूरत, गुजरात से प्रकाशित, **संपादक :- सुरेश मौर्या** फोन नं. (9879141480) **Tc.No. : GUJHIN00722**, E-mail: krantisamay@gmail.com